दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 06 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 309

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चांद की चौखट पर चंद्रयान 3, अब सिर्फ लैंडिंग बाकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतवासियों के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। चांद की चौखट पर चंद्रयान 3 पहुंच गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान की ओर से 14 जुलाई को रवाना किया गया चंद्रयान-3 अब तक करीब दो-तिहाई दूरी तय कर चुका है। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की बाहरी कक्षा में प्रवेश कर लिया है। अब चंद्रयान-3 चंद्रमा के चारों तरफ 166 किमी & 18054 किलोमीटर की अंडाकार कक्षा में चक्कर लगाएगा। इसरो ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा के ऑर्बिट को पकडऩे के लिए करीब 20 से 25 मिनट तक थ्रस्टर्स ऑन रखा। इसी के साथ चंद्रयान चंद्रमा की ग्रैविटी में फंस गया। अब वह उसके चारों तरफ चक्कर लगाता रहेगा। चंद्रयान चांद के पांच चक्कर लगाएगा। फिलहाल पहले चक्कर में ये यान 40 हजार किमी वाले कक्षा में स्थापित होगा, इसके बाद कल 6 अगस्त को दूसरे 20 हजार वाले कक्षा और फिर 9 अगस्त को तीसरे में 5 हजार किमी वाले कक्षा में स्थापित होगा। इसके बाद चंद्रयान 14 अगस्त को चौथे कक्षा में 1000 किमी और फिर अतिम 16 अगस्त को 100 किमी वाले कक्षा में स्थापित होकर चक्कर लगाएगा।

### डेढ़ महीने में पीएम का दूसरा दौरा : 17 को फिर छत्तीसगढ़ आ रहे पीएम मोदी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने 17 अगस्त को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में आम सभा को संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रभारी व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया आज पीएम मोदी की तैयारियों का जायजा लेने रायगढ़ पहुंचे। उन्होंने कोंडातराई सभास्थल का मुआयना किया। प्रधानमंत्री एनटीपीसी और एसईसीएल के सरकारी कार्यक्रम के बाद आम सभा को संबोधित करेंगे। चुनावी वर्ष में डेढ़ महीने के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह छत्तीसगढ़ में दूसरा दौरा होगा। इससे पहले 7 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी रायपुर पहुंचे थे। हालांकि, पीएम मोदी के रायगढ़ दौरे का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, मगर तैयारियां तेज हो गई है।

### पब जी गेम खेलते-खेलते बना दरिंदा, पहले माता-पिता की बेरहमी से हत्या, फिर नहाकर करने लगा पुलिस का इंतजार

**झांसी (आरएनएस)।** थाना नवाबाद के नारायण बाग के पीछे स्थित पिछोर मोहल्ले घटित हुई ह्दयविदारक घटना ने सबका दिल दहला दिया है। इस घटना में एक युवक ने अपने माता-पिता की बेरहमी से हत्या कर दी और पुलिस के आने पर जुर्म कबूलते हुए बोला कि हां, मैंने ही मारा है। आज सुबह दोनों की लाशें बिस्तर पर मिलीं। आरोपी का नाम अंकित है। उसकी बहन नीलम ने बताया कि भाई पबजी का एडिक्ट हो गया था। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। पिता उसको गेम नहीं खेलने देते थे। इसको लेकर अक्सर लड़ता था। शक है कि इसी विवाद में उसने वारदात की। एक और बात यह कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद स्नान किया और कपड़े बदले और कमरे में जाकर आराम से बैठ गया। हत्या की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो आरोपी बेटा चारपाई पर बैठा मिला।पुलिस को देखकर हंसने लगा। इंस्पेक्टर ने पूछा तो पहले कुछ नहीं बोला। फिर बोला- हां, मैंने ही मारा है। बताया जाता है कि आरोपी तवे से वारदात को अंजाम दिया।

# 91 स्टेशनों को किया जाएगा पुनर्विकसित, पीएम रखेंगे आधारशिला

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के तहत कम से कम 91 स्टेशनों को केंद्र सरकार की पहल 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत फिर से विकसित किया जाएगा, अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनएफआर के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, 56 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रविवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी जाएगी। 56 स्टेशनों में से 32 असम में, 3 त्रिपुरा में, 16 पश्चिम बंगाल में, 3 बिहार में और एक-एक नागालैंड और मेघालय में हैं।




एनएफआर के एक अधिकारी ने कहा, एनएफआर के तहत 91 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए 5100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें से 1960 करोड़ रुपये का उपयोग इन 56 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए किया जाएगा।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है।

इसमें स्टेशन पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है।

अधिकारी ने कहा इसमें इमारत में सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करना, मल्टीमॉडल एकीकरण, विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा, चरणबद्धता और व्यवहार्यता और शहर का निर्माण लंबी अवधि में स्टेशन पर केंद्र भी इस योजना में शामिल हैं।

प्रधानमंत्री रविवार को देशभर में 'अमृत भारत योजना' के तहत 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखने वाले हैं।

# जम्मू -कश्मीर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़, तीन जवान शहीद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में सेना के तीन जवान शहीद हो गए। अधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक कुलगाम के हलाण वन क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में आतंकवादियों और संयुक्त बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।



सेना ने एक ट्वीट में कहा, 'कुलगाम में हलाण के ऊंचे इलाकों में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना पर सुरक्षा बलों ने अभियान शुरू किया। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में तीन जवान घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

उन्होंने बताया कि सेना का एक जवान, जावेद अहमद वानी, जो छुट्टी पर अपने पैतृक जिले कुलगाम से लापता हो गया था। पुलिस द्वारा उसका पता लगाए जाने के एक दिन बाद गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस ने हालांकि इस बारे में अधिक खुलासा नहीं किया कि जवान का पता कैसे लगाया गया।

# तहखाना खोलेगा ज्ञानवापी के सारे राज, मुस्लिम पक्ष ने एएसआई टीम को चाबी देने से किया इंकार

**वाराणसी (आरएनएस)।** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में एएसआई सर्वे जारी है। इस सर्वे के बीच मुस्लिम पक्ष के वकील मुमताज अहमद ने कहा कि हम एएसआई सर्वेक्षण से संतुष्ट हैंज् कल तक हम भाग (सर्वेक्षण में) नहीं ले रहे थे लेकिन आज हम भाग ले रहे हैं और एएसआई टीम की सहायता कर रहे हैं। वहीं जानकारी सामने आई है कि मुस्लिम पक्ष ने मस्जिद के तहखाने की चाबी देने से इंकार कर दिया है। एएसआई सर्वे टीम का मानना है कि तहख़ाने में महत्वपूर्ण तथ्य छुपे हुए हैं।

ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व विभाग सर्वे शनिवार को फिर से शुरू हो गया है। सर्वे की कार्यवाही गुरुवार से चल रही है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान भी 6 घंटे तक सर्वे किया गया था। एएसआई की 61 मेंबर्स की टीम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दो शिफ्ट में सर्वे करेगी। वजूखाने को छोडक़र पूरे परिसर का सर्वे होना है।

# पाक की दुल्हन और भारत के दूल्हे ने ऑनलाइन रचाई शादी, वर्चुअल तरीके से निभाई गईं सभी रस्में

**जयपुर (आरएनएस)।** पाकिस्तान की एक दुल्हन और भारत में राजस्थान के दूल्हे ने ऑनलाइन शादी की और निकाह की सभी रस्में वर्चुअल तरीके से निभाई गईं। एक क़ाज़ी ने शादी संपन्न कराई और कराची में मौजूद दुल्हन ने कहा: क़बूल है। यह खास ऑनलाइन निकाह बुधवार को जोधपुर में हुआ।



जोधपुर के रहने वाले ठेकेदार मोहम्मद अफजल के छोटे बेटे अरबाज ने पाकिस्तानी महिला अमीना से शादी की है।

शादी कराची में होने वाली थी लेकिन वीजा नहीं मिलने के कारण निकाह ऑनलाइन किया गया। इस अनोखी शादी में अरबाज और अमीना के परिवार वालों ने ऑनलाइन रस्में निभाईं।

दोनों परिवार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े। कार्यक्रम स्थल पर लैपटॉप के साथ दो बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई थीं। दूल्हे के पिता मोहम्मद अफजल ने कहा कि दुल्हन पाकिस्तान से जोधपुर आएगी।

वहां की लड़कियां और उनके परिवार भी जोधपुर में शादी करना चाहते हैं। वहां हमारे रिश्तेदार भी हैं। अब हम वीजा की तैयारी करेंगे। हमारे जैसे सामान्य परिवारों के लिए ऑनलाइन शादी करना सुविधाजनक है क्योंकि इसमें खर्च भी कम होता है। अगर हम निकाहनामे (विवाह प्रमाण पत्र) के साथ वीजा के लिए आवेदन करते हैं तो यह आसानी से मिल जाएगा।

# कर्नाटक में दूषित पानी पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई

**❒ 36 और अस्पताल में भर्ती**

**चित्रदुर्ग (आरएनएस)।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में दूषित पानी पीने से मरने वालों की संख्या शनिवार को बढक़र 6 हो गई, जबकि 36 और लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिससे भर्ती हुए कुल मरीजों की संख्या 185 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह घटना 31 जुलाई को जिले के कवाडीगरहट्टी इलाके में दर्ज की गई।

स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जिन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है उनमें से कई की हालत गंभीर है।

पीड़ितों में से, 22 वर्षीय महिला उषा ने दूषित पानी पीने के बाद अपने बच्चे को खो दिया।

अधिकारियों ने कहा कि उषा अपनी डिलीवरी के लिए कवाडीगरहट्टी में अपने माता-पिता के घर आई थी, इस दौरान उसने पानी पी लिया। उसे तुरंत उल्टी होने लगी और दस्त के लक्षण दिखे जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लाख कोशिशों के बावजूद डॉक्टर उसके बच्चे को नहीं बचा सके।

उल्टी और दस्त के गंभीर लक्षणों के बाद चित्रदुर्ग के बसवेश्वरा अस्पताल में भर्ती कराए गए 50 वर्षीय रुद्रप्पा की शुक्रवार को मौत हो गई।

कवाडीगरहट्टी निवासी मंजुला (23) और रघु (27) की भी मौत हो गई। शुक्रवार को भी, समान लक्षणों के साथ 36 नए अस्पताल में भर्ती हुए।

केंद्रीय राज्य मंत्री, ए. नारायणस्वामी, जो चित्रदुर्ग सांसद सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने अस्पताल का दौरा किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

चित्रदुर्ग में स्थानीय लोगों ने प्रशासन और स्थानीय कांग्रेस विधायक के.सी. वीरेंद्र पप्पी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था।

धार्मिक गुरु श्री शिवशरण हरलैया और दलित नेताओं के विरोध के बाद, पप्पी ने बसवेश्वर अस्पताल का दौरा किया। 115 लोगों को बसवेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और 34 लोगों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

पानी के सैंपल की एफएसएल रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें कोई जहरीला रसायन नहीं है।

पहले यह आरोप लगाया गया था कि एक स्थानीय निवासी के खिलाफ पोस्को अधिनियम का मामला दर्ज होने के बाद बदमाशों ने पानी में जहर मिला दिया होगा।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और जिला अधिकारियों को दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है।

अधिकारियों ने चित्रदुर्ग नगर पालिका से जुड़े एईई आर. मंजूनाथ गिराड्डी और जेई एसआर किरण कुमार को निलंबित करने की सिफारिश करते हुए एक रिपोर्ट भेजी है। कवाडीगरहट्टी में वॉल्व ऑपरेटर के रूप में काम करने वाले प्रकाश को भी जिला आयुक्त ने निलंबित कर दिया था।

# आज भोले बाबा के दर्शन नहीं कर सकेंगे भक्त, अनुच्छेद 370 हटाने की चौथी बरसी के मद्देनजर यात्रा निलंबित

**जम्मू (आरएनएस)।** श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक जरूरी खबर है। जम्मू-कश्मी में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की चौथी वर्षगांठ के मद्देनजर एहतियात के तौर पर शनिवार को जम्मू आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा निलंबित रहेगी, जिस कारण शिव भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन नहीं कर पाएंगे। इसकी जानकारी जम्मू की उपायुक्त अवनी लवासा ने दी है।



उन्होंने बताया कि शनिवार को अमरनाथ यात्रा निलंबित रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को आधार शिविर से 1181 श्रद्धालुओं का 33वां जत्था कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से अब तक साढ़े चार लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई थी और 62 दिन तक चलेगी। अधिकारियों ने बताया कि अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की चौथी वर्षगांठ के मद्देनजर शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# मणिपुर में फिर भडक़ी हिंसा, एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या; कुकी उग्रवादियों ने दिया वारदात को अंजाम

**मणिपुर (आरएनएस)।** मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा भडक़ गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने क्वाक्टा में तीन मैतई लोगों की हत्या कर दी है। इसके अलावा उग्रवादियों ने कई घरों में आग भी लगा दी। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले लोग कुकी उग्रवादी थे।

वहीं,मणिपुर पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि बिष्णुपुर जिले में दो पुलिस चौकियों से बड़ी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद की लूट की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हथियार लूट की जांच अब पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी की निगरानी में चल रही है। पुलिस प्रमुख ने मीडिया को बताया, जांच पूरी होने से पहले, हम लूटे गए हथियारों के विवरण का खुलासा करने में असमर्थ हैं। मणिपुर पुलिस ने देर रात एक बयान में कहा कि भीड़ ने बिष्णुपुर में मणिपुर सशस्त्र पुलिस की दूसरी बटालियन के कीरेनफाबी पुलिस चौकी और थंगलवई पुलिस चौकियों में तोडफ़ोड़ की और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद ले गए। पुरुषों और महिलाओं की भीड़ ने उसी जिले के हिंगांग पुलिस स्टेशन और सिंगजामेई पुलिस स्टेशन से हथियार और गोला-बारूद छीनने का भी प्रयास किया, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें खदेड़ दिया।

# डिलीवरी के लिए पहुंचीं 80 महिलाएं निकलीं एचआईवी पाजिटिव

**मेरठ (आरएनएस)।** यहां स्वास्थ्य सेवाओं को धत्ता बताने वाली एक घटना ने सबको हैरान कर दिया है। घटना गर्भवती महिलाओं को लेकर है। यहां लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी के लिए आई 60 से 80 गर्भवती महिलाओं में एचआईवी पॉजिटिव पाया गया है।इस आंकड़े ने सुरक्षित यौन संबंधों के जागरूकता अभियान को तार तार कर दिया है। वैसे मेरठ मेडिकल कॉलेज और जिला स्वास्थ्य विभाग इन पर नजर बनाए हुए है। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी (रक्रञ्ज) सेंटर की एक रिपोर्ट सामने आई, जिसमें इस बात की जानकारी दी गई कि अस्पताल में प्रसव के लिए आई 81 गर्भवती महिलाओं में एचआईवी की पुष्टि हुई थी, इन 81 एचआईवी पॉजिटिव महिलाओं में से कम से कम 35 प्रभावित महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया है। अधिकारियों का कहना है कि सभी महिलाओं का इलाज चल रहा है, उन्हें दवाई दी जा रही है। ये आंकड़ा 16 माह का है और इस आंकड़े के बाद अब अन्य केसों की पड़ताल की जा रही है।




# नूंह हिंसा: फिर गरजा प्रशासन का पीला पंजा, 40 अवैध दुकानों को तोड़ा; कब्जे भी करवाए खाली

**नूंह (आरएनएस)।** हरियाणा के नूंह में धार्मिक शोभायात्रा के दौरान उठी हिंसा की चिंगारी अभी तक ठंडी नहीं हुई है। हरियाणा के अलग-अलग जिलों में अभी भी माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। जिला प्रशासन ने हिंसा करने वालों पर कार्रवाई करते हुए बीते दिनों भी उनकी झौपडिय़ों पर बुलडोजर चलाया था। इसी कड़ी में जिला प्रशासन ने शनिवार को भी अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया है।

शनिवार को प्रशासन ने स्॥यरू गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के पास अवैध दुकानें तोड़ी। इसके अलावा अवैध कब्जे भी खाली कराए हैं। नूंह प्रशासन की टीम शनिवार सुबह नलहार मंदिर के रास्ते में स्थित अस्पताल के ठीक सामने पहुंची और वहां अवैध कब्जों को हटााया।



ये कार्रवाई डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर (ह्र॥) ने की है। प्रशासन ने 40 अवैध दुकानों को तोड़ा है। बता दें कि ये वही जगह है, जहां पर 31 जुलाई को हिंसा भडक़ने के बाद गाडिय़ां जलाई गई थीं और पत्थरबाजी हुई थी। नूंह में शनिवार को नई गांव, सिंगार, बिसरू, डुडोली पिंगवा, फिरजोपुर में भी बुलडोजर चलेगा।

# मौसम विभाग ने की पूरे भारत में बारिश की भविष्यवाणी : अगले 4-5 दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि अगले 4-5 दिनों के दौरान उत्तराखंड, उत्तरी उत्तर प्रदेश, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है, जबकि आगामी चार-पांच दिनों में पूर्वोत्तर में वर्षा में वृद्धि की उम्मीद है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी द्वारा जारी बुलेटिन में कहा गया है कि उत्तर पश्चिम भारत में हल्की से मध्यम बारिश, काफी दूर-दूर तक छिटपुट बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है।



उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में शनिवार से 9 अगस्त तक, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा-चंडीगढ़ में शनिवार और रविवार को, पंजाब, पूर्वी राजस्थान और जम्मू में शनिवार को बारिश की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, पूर्वी उत्तर प्रदेश में रविवार से 8 अगस्त तक और उत्तराखंड में रविवार से 9 अगस्त तक अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

मध्य भारत में, हल्की से मध्यम और व्यापक वर्षा होगी, पूर्वी मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होगी, और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भारी वर्षा होगी, विशेष रूप से शनिवार को। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि पूर्वी भारत में, शनिवार से 8 अगस्त तक उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और बिहार में छिटपुट भारी वर्षा के साथ, 6 और 7 अगस्त को झारखंड में हल्की से मध्यम और काफी व्यापक वर्षा होगी। 7 और 8 अगस्त को गंगीय पश्चिम बंगाल में बारिश होगी।

आईएमडी ने कहा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 7 और 8 अगस्त को और बिहार में 8 अगस्त तक बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वोत्तर के लिए, हल्की से मध्यम और व्यापक रूप से व्यापक वर्षा की उम्मीद है, साथ ही अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड और मणिपुर में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होगी।

आईएमडी ने कहा, अगले पांच दिनों में कोंकण, गोवा और मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में जारी रहने की संभावना के साथ, पश्चिम भारत में हल्की से मध्यम छिटपुट से लेकर काफी व्यापक वर्षा होगी। शनिवार और रविवार को मध्य महाराष्ट्र के घाट इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण भारत में, अगले पांच दिनों के दौरान कम वर्षा की उम्मीद है।